**प्रेस नोट**

**दिनांक 25.10.2025**

**छठ पूजा के दृष्टिगत श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा घाटों का निरीक्षण व सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक निर्देशः-**

आज दिनांक 25.10.2025 को छठ पूजा के दृष्टिगत श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के द्वारा छठ पूजा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सुमेरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित तालाब घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना व छठ पूजा के दौरान बड़ी संख्या में लोग तालाब के घाटों पर एकत्र होते हैं, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल के साथ घाटों का दौरा करते हुए सुरक्षा के इंतजामों का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने घाटों की सफाई, रौशनी की व्यवस्था, बैरिकेडिंग और आपातकालीन सेवाओं के उपलब्धता का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरण जैसे लाइफ जैकेट और आपातकालीन नावें उपलब्ध रहें, ताकि किसी भी आकस्मिक घटना से निपटा जा सके।

इसके साथ ही उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि सभी पुलिसकर्मी सतर्क रहें और भीड़ में किसी प्रकार की अव्यवस्था या आपात स्थिति में त्वरित कार्यवाही करें। उन्होंने श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पुलिस बल को विशेष रूप से सतर्क रहने के आदेश दिए।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को भी निर्देश दिए कि तालाब के घाटों पर स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं, और पेयजल की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे शांतिपूर्वक और व्यवस्थित रूप से पूजा संपन्न करें और पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें।

हमीरपुर पुलिस व प्रशासन शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में त्यौहार को संपन्न कराए जाने हेतु प्रतिबद्ध है।




ACC

